# होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबन्धन, मुख्यालय, मध्यप्रदेश

## आदेश

क्रमॉक 113 /निस/डीजी/2018 भोपाल, दिनाक 03-02-2018

प्रदेश में आपदाओं के कारणों, उसके निवारण, राहत एवं बचाव की विधियां तथा अन्य उपायों के साथ–साथ आपदाओं के समय प्रभावी कार्यवाही करने हेतु क्षमता वृद्धि तथा कौशल उन्यन की दृष्टि से दिनांक 06–01–2018 को डी0जी0 कैम्प कार्यालय होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश भोपाल में एक बैठक आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में दिये गये निर्देशानुसार निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शायी गई आपदाओं के संबंध में व्यापक कार्ययोजना बनाने एवं उसके क्रियान्वयन हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

| क्र0 | नाम एवं पद | आवंटित कार्य |
|---|---|---|
| 1 | श्री अपूर्व शुक्ला, डिवीजनल कमाण्डेन्ट, रीवा | सर्पदंश |
| 2 | श्रीमती संगीता शाक्य, डिवीजनल कमाण्डेन्ट, ग्वालियर एवं चंबल | बोरवेल दुर्घटना, रासायनिक एवं औद्योगिक दुर्घटना |
| 3 | श्री भोजपाल बर्मा, डिवीजनल कमाण्डेन्ट,उज्जैन | धार्मिक पर्व, त्यौहार, मेले, भगदड़ |
| 4 | श्री रोहिताश पाठक, डिवीजनल कमाण्डेन्ट, जबलपुर | भूकम्प और बहुमंजिला इमारत, पानी की टंकी आदि का भरभराकर गिरना। |
| 5 | श्रीमती संगीता डी कुमार, डिवीजनल कमाण्डेन्ट, सागर | मिसाइल हमला, परमाणु हमला, रासयनिक एवं जैविक हमला। |
| 6 | श्री कमलेन्द्र परिहार, डिवीजनल कमाण्डेन्ट, भोपाल | सड़क एवं रेल दुर्घटना, युद्ध की आपदा के दौरान की जाने वाली कार्यवाही |
| 7 | श्री देवेन्द्र विजयवत, डिवीजनल कमाण्डेन्ट, इंदौर | सूखा राहत, आकाशीय बिजली दुर्घटना |
| 8 | श्री महेश पन्द्रे, डिवीजनल कमाण्डेन्ट, शहडोल | अग्नि दुर्घटना, ग्रामीण क्षेत्रों की और शहरी क्षेत्रों की आग |
| 9 | सुश्री उषा डामर, डिवीजनल कमाण्डेन्ट, नर्मदापुरम | बाढ़ बचाव, जल दुर्घटना, भूस्खलन और साइक्लोन |

उपरोक्तानुसार अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि, वे आवंटित कार्य के संबंध में व्यापक कार्ययोजना, प्रशिक्षण संबंधी योजना एवं एस0ओ0पी0 तैयार कर प्रस्तुत करें। कार्ययोजना के अंतर्गत आपदाओं के कारणों, उनके निवारण, राहत एवं बचाव विधियां तथा अन्य आवश्यक समस्त बिन्दुओं को सम्मिलित किया जावे।

(महान भारत सागर)
महानिदेशक,
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश

पृ0क्रमॉक 114 /निस/डीजी/2018 भोपाल, दिनाक जनवरी, 2018

प्रतिलिपिः

1— एडीशनल डायरेक्टर जनरल, आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश भोपाल।

2— पुलिस महानिरीक्षक, होमगार्ड, म0प्र0 जबलपुर ।

3— एडिशनल कमाण्डेण्ट जनरल, होमगार्ड मध्यप्रदेश जबलपुर।

4— संबंधित डिवीजनल कमाण्डेण्ट, होमगार्ड, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

**महानिदेशक,** 3.2.18

**होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं**

**आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश**